2 6 APR 2018

दैनिक नवज्योति

बचपन की शिक्षा पर कार्यशाला का समापन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, पिलानी

कस्बे में बिरला शिशु विहार के प्रांगन में बुधवार को बचपन की शिक्षा (अर्ली चाइल्डहुड एज्यूकेशन) विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला के आयोजन का बुधवार को समापन किया गया। जिसके मुख्यातिथि मेजर जनरल एस.एस. नायर निदेशक बिरला एज्यूकेशन ट्रस्ट थे। बिरला शिशु विहार मे कार्यशाला के दूसरे दिन पैवी एर्क्कीला-फिनलैड और पासी फिनलैड ने बताया कि किस प्रकार से हम अपने ज्ञान और विषय से कक्षा को सृजनात्मक, अधिक रूचिकर और प्रभावशाली बना सकते है। पैवी

एर्क्कीला ने बताया कि किस प्रकार बच्चों के दिमाग पर जोर डाले बिना विषय को कक्षा में आसानी से समझाया जाए जिससे बच्चे सहज और सरलता से समझ सके। पैवी एर्क्कीला ने गणित के बारे में भी बहुत सारी रोचक जानकारियां प्रदान की जो हम हमारे दैनिक जीवनचर्या मे काम में लेते है। कार्यशाला संयोजक पवन वशिष्ठ, प्राचार्य बिरला शिशु विहार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि कार्यशाला का आयोजन टीचर्स के बोद्धिक और शैक्षिक विकास एवं हर विषय मे आने वाली कठिनाईयों का हल करना है। कार्यशाला के अंत मे मेजर जनरल एस.एस. नायर एवं पवन वशिष्ठ ने आये हुए सभी अतिथियों, शिक्षक और शिक्षकाये को प्रशस्तिपत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। कार्यशाला में डॉ.एम कस्तूरी, कर्नल शोकत अली, विजय डालमिया, बिरला बालिका विद्यापीठ, बिरला पब्लिक स्कूल, बिरला स्कूल, बिरला शिशु विहार और बिरला इंटरनेशनल स्कूल किशनगढ़ के शिक्षक एवं शिंक्षकाएं उपस्थित थे।